


प्रो. (डॉ.) गणपती दादासाहेब यादव

Prof. (Dr.) Ganapati Dadasaheb Yadav



पद्म श्री
Padma Shri



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए
Receiving the decoration from the President

प्रो. (डॉ.) गणपती दादासाहेब यादव

प्रोफेसर (डा.) गणपती डी यादव, रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान (आई सी टी), मुंबई के उप कुलपति एवं आर टी मूडी लब्ध–प्रतिष्ठ प्रोफेसर हैं। आपको अंतरराष्ट्रीय जगत में ग्रीन–केमेस्ट्री में शिक्षा, शोध एवं अभिनवीकरण तथा अभियांत्रिकी, उत्प्रेरण, रासायनिक अभियांत्रिकी, जैव–प्रौद्योगिकी, नैनो–प्रौद्योगिकी, ऊर्जा अभियांत्रिकी तथा क्लीन एवं ग्रीन प्रौद्योगिकियों के विकास के क्षेत्र में आपके बीजगर्भित योगदानों के लिए जाना जाता है।

2. आपका जन्म 14 सितम्बर, 1952 को कोल्हापुर जिले (महाराष्ट्र राज्य) में हुआ था। आपने मुंबई विश्वविद्यालय से अपनी रासायनिक अभियांत्रिकी की स्नातक की उपाधि (1974) तथा रासायनिक अभियांत्रिकी में ही पी एच डी (टेक.) की उपाधि (1980) प्राप्त की। आप लाउबोरो युनिवर्सिटी में लीवरहूमे ओवरसीज विजिटिंग फेलो (1980–81), युनिवर्सिटी ऑव वाटरलू, कनाडा में पी डी एफ/एन एस ई आर सी फेलो (1982–84), मिसीगन स्टेट युनिवर्सिटी में रासायनिक अभियांत्रिकी के जोहनसेन क्रॉसबाई विजिटिंग चेयर प्रोफेसर (2001–02) तथा पुरदू युनिवर्सिटी प्रेसीडेंट के एशियन इनीशिएटिव और लब्ध–प्रतिष्ठ विजिटिंग स्कॉलर (2007) रहे। आप आर एम आई टी युनिवर्सिटी, मेलबोर्न, आस्ट्रेलिया तथा युनिवर्सिटी ऑव सैस्केयवान, कनाडा में जे.सी. बोस नेशनल फेलो एवं अनुबद्ध प्रोफेसर रहे। अन्य फेलो के साथ आप भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी तथा टी डब्ल्यू ए एस के फेलो हैं। आपका संस्कृत, वेद, निरूक्ति, दर्शन एवं साहित्य के प्रति अप्रतिम लगाव आपके व्यक्तित्व को एक अलग पहचान देता है।

3. आपने इंस्टीट्यूट ऑव केमिकल टेक्नोलोजी (आई सी टी), द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑव केमिकल इंजीनियर्स (आई आई सी एच ई), कैटालिसिस सोसायटी ऑव इंडिया तथा महाराष्ट्र एकेडेमी ऑव साइंसेस में प्रेरणादायी नेतृत्व प्रदान किया है। आपके नेतृत्व में आई सी टी में अद्भुत विकास हुआ जिसे विश्व के पांच शीर्ष संस्थानों में गिना जाता है। आपने समस्त पणधारकों के लाभ के लिए कल्याणकारी एक वृत्तिदान, छात्रवृत्ति एवं कल्याणकारी योजनाओं का सृजन किया और प्रौद्योगिकी को सामाजिक लाभ के रूप में रूपांतरित करने में अग्रता हासिल की। आपकी शोध उत्पादन क्षमता अद्भुत है।

4. द अमेरिकन केमिकल सोसायटी (एसीएस) ने आपके सम्मान में इंडस्ट्रियल एंड इंजीनियरिंग केमिस्ट्री रिसर्च (2014) का एक फेस्ट्सक्रिप्ट प्रकाशित किया तथा आप ए सी एस इंडिया इंटरनेशनल चैप्टर के संस्थापक अध्यक्ष हैं। आप ए सी एस सस्टेनेबल केमिस्ट्री एंड इंजीनियरिंग, ग्रीन केमिस्ट्री आदि जैसी कई प्रतिष्ठित पत्रिकाओं के संपादकीय मंडलों में शामिल हैं। आप उत्प्रेरण संबंधी एशिया पैसिफिक सम्मेलन के चयनित अध्यक्ष हैं और ए पी सी ए टी, जो कि एशिया पैसिफिक क्षेत्र के कैटेलिसिस सोसायटीज का एक परिसंघ है, की शासी परिषद में भी हैं। आप अंतरराष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड, द स्टेट की लेबोरेटॅरी फॉर कैटेलिसिस, डालियान इंस्टीट्यूट ऑव केमिकल फिजिक्स तथा द चाइनीज एकेडमी ऑव साइंसेस के सदस्य हैं। आपने एशिया–पैसिफिक कनफेडरेशन ऑव केमिकल्स इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट के निदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएं प्रदान की।

5. भारत में रासायनिक अभियांत्रिकी व्यवसाय के विकास में आपका योगदान अतुलनीय है। आपने आई आई सीएचई के अध्यक्ष (2001) के रूप में दानवृत्ति के माध्यम से 51 राष्ट्रीय पुरस्कारों की स्थापना की। आप एम एच आर डी, डी एस टी, डी बी टी, यू जी सी, ए आई सी टी ई, सी एस आई आर, द पी एस ए' एस ऑन ग्रीन केमेस्ट्री, योजना आयोग की पैन इंडिया एस एंड टी समिति तथा महाराष्ट्र सरकार के राजीव गांधी एस एंड टी कमीशन पीयर्स ग्रुप सहित कई एक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय समितियों के सदस्य अथवा अध्यक्ष रहे हैं। आप अनुसंधान परिषद, सी एस आई आर–सी एस एम सी आर आई के अध्यक्ष और आई आई सी टी हैदराबाद एवं एन आई आई एस टी त्रिवेन्द्रम के आर सी सदस्य हैं। आपने कई एक सी एस आई आर–प्रयोगशालाओं के निदेशकों की चयन समिति के अध्यक्ष/सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। आप डी एस टी–नेशनल सेंटर फॉर कैटालिसिस रिसर्च, आई आई टी मद्रास तथा डी एस टी के रासायनिक विज्ञान की इंटरनेशनल पी ए सी की सलाहकार परिषद के अध्यक्ष हैं। आप महाराष्ट्र अभिनवीकरण परिषद के सदस्य हैं।

6. आपको आई आई टी रूड़की के खोसला राष्ट्रीय पुरस्कार, एच एल रॉय मेमोरियल लेक्चर, आर पी जी लाइफ साइंस का एम एम शर्मा पदक, इंस्टीट्यूशन ऑव इंजीनियर्स एमीनेंट इंजीनियर अवार्ड, ऐशलैण्ड सी एन आर राव मेडल, डॉ. अंजी रेड्डी इन्नोवेटर ऑव द इयर अवार्ड, धीरूभाई अंबानी ओरेशॅन अवार्ड आई आई सी एच ई रिलायंस इंडस्ट्रीजय सर्वाधिक उत्कृष्ट परिषद सदस्य के रूप में अन्ना युनिवर्सिटी का राष्ट्रीय पुरस्कार उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए 'वास्विक'(वी ए एस वी आई के) फाउण्डेशन अवार्ड तथा महाराष्ट्र सरकार का सर्वोत्तम टीचर अवार्ड जैसे अनगिनत पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। आपको भारतीय रासायनिक परिषद द्वारा डी एम त्रिवेदी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड (2013) तथा आई आई सी एच ई के डॉ. बी.पी. गोदरेज लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड (2013) से भी सम्मानित किया गया। भारतीय रासायनिक परिषद ने आपको लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड तथा स्वर्ण पदक (2014) से विभूषित किया।

Prof. (Dr.) Ganapati Dadasaheb Yadav

Prof. (Dr.) Ganapati D. Yadav, Vice Chancellor and R.T. Mody Distinguished Professor of the Institute of Chemical Technology (ICT), Mumbai is internationally recognized for his seminal contributions to education, research and innovation in green chemistry and engineering, catalysis, chemical engineering, biotechnology, nanotechnology, energy engineering and development of clean and green technologies.

2. Born on September 14, 1952 in Kolhapur District (M.S.), Professor Yadav earned his Bachelor of Chemical Engineering (1974) and Ph.D. (Tech.) in Chemical Engineering (1980) from the University of Mumbai. He was Leverhulme Overseas Visiting Fellow at Loughborough University (1980-81), PDF/NSERC Fellow, University of Waterloo, Canada (1982-84), Johansen Crosby Visiting Chair Professor of Chemical Engineering, Michigan State University (2001-02) and Distinguished Visiting Scholar, Asian Initiative of Purdue University President (2007). He is J.C. Bose National Fellow and Adjunct Professor at RMIT University, Melbourne, Australia and University of Saskatchewan, Canada. He is a Fellow of Indian National Science Academy, National Academy of Sciences, India and TWAS among others. His passion for Sanskrit, Vedas, Etymology, Philosophy and literature stands him apart.

3. Professor Yadav has provided inspiring leadership to the Institute of Chemical Technology (ICT), the Indian Institute of Chemical Engineers (IIChE), Catalysis Society of India, and Maharashtra Academy of Sciences. His leadership has seen phenomenal growth of the ICT which is rated among the top five in the world. He has created several endowments, scholarships and welfare schemes for the benefit of all stakeholders and taken lead in transferring technology for societal benefit. His research productivity is phenomenal.

4. The American Chemical Society (ACS) published a Festschrift of Industrial and Engineering Chemistry Research (2014) in his honour and he is the Founder President ACS India International Chapter. He is on editorial boards of several prestigious journals like ACS Sustainable Chemistry & Engineering, Green Chemistry etc. He is elected Chairman of Asia Pacific Conference on Catalysis, and is on governing council of APCAT, the confederation of catalysis societies from Asia Pacific region. He is a member, International Advisory Board, The State Key Laboratory for Catalysis, Dalian Institute of Chemical Physics, The Chinese Academy of Sciences. He served as Director, Asia-Pacific Confederation of Chemicals Engineering Institutes.

5. Prof Yadav's contributions to development of the Chemical Engineering profession in India are incomparable. As President of the IIChE (2001), he established 51 national awards through endowments. He has been a member or chaired several national and international committees of MHRD, DST, DBT, UGC, AICTE, CSIR, the PSA's on Green Chemistry, the Planning Commission's Pan India S&T Committee, and the Government of Maharashtra's Rajiv Gandhi S&T Commission Peers Group. He is Chairman, Research Council, CSIR-CSMCRI, member of RC of IICT Hyderabad and NIIST Trivandrum. He has served as a Chairman/member of Selection Committees of directors of many CSIR labs. He is Chairman, Advisory Council of DST-National Centre for Catalysis Research, IIT-Madras and international PAC in Chemical Sciences of DST. He is a member of Maharashtra Innovation Council.

6. Prof. Yadav is the recipient of several honours such as IIT-Roorkee's Khosla National Award; H.L. Roy Memorial Lecture; RPG Life Sciences' MM Sharma Medal; Institution of Engineer's Eminent Engineer Award; Ashland CNR Rao Medal; Dr. Anji Reddy Innovator of the Year Award; Dhirubhai Ambani Oration Award- IIChE-Reliance Industries; Anna University's National Award for the Most Outstanding Academician; VASVIK Foundation Award for Excellence in Research, Best Teacher Award, Maharashtra Govt. He was honoured with D. M. Trivedi Lifetime Achievement Award by Indian Chemical Council (2013) and Dr. B. P. Godrej Lifetime Achievement Award of IIChE (2013). The Indian Chemical Council conferred upon him Life Time Achievement Award and gold medal (2014).